हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, मंगलवार, 16 अप्रैल 2024

11 बारदाने की कमी को लेकर किसान सभा ने दिया धरना



12 जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग ने खुला दरबार ...






## खबर संक्षेप

### आंखों की जांच और कैंसर स्क्रीनिंग कैंप कल : चेतन

**भिवानी।** भिवानी परिवार मैत्री संघ द्वारा रामनवमी के उपलक्ष्य में आंखों की जांच एवं मोतियाबिंद का लैंस वाला निःशुल्क ऑप्रेशन एवं कैंसर स्क्रीनिंग कैंप 17 अप्रैल बुधवार को सुबह 9 बजे से एक बजे तक दादरी गेट स्थित श्रीकृष्ण प्रमाणी मंदिर में आयोजित किया जाएगा। भिवानी परिवार मैत्री संघ के अध्यक्ष राजेश चेतन ने बताया कि कैंप में गुरुग्राम के इंदिरा गांधी आई हॉस्पिटल एंड रिसर्च सैंटर व कैंसर स्क्रीनिंग कैंप के लिए राजीव गांधी कैंसर इंस्ट्रीट्यूट एंड रिसर्च सैंटर का सहयोग रहेगा।

### बाइक सवार को कार ने मारी टक्कर, घायल

**बहल।** बहल से सुरपुरा रोड पर रविवार शाम एक तेज स्पीड कार ने एक बाइक सवार को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाइक सवार युवक जमीन पर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। बाइक सवार के पीछे आ रहे युवक के परिजन उसे गंभीर हालत में हिसार के सरकारी अस्पताल लेकर गए जहां उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मामले में कार चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। सुरपुरा खुर्द निवासी पवन ने हादसे के बारे में शिकायत दर्ज करवाई है।

### गणित प्रवक्ता प्रमिला देवी को किया सम्मानित

**चरखी दादरी।** महर्षि दयानंद सरस्वती के 200 वें जन्म जयंती वर्ष तथा जलियांवाला बाग के शहीदों की स्मृति में आयोजित राज्य स्तरीय हरियाणा गौरव सम्मान समारोह में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पैंतावास कलां की गणित प्रवक्ता प्रमिला देवी को समाज सेवा एवं शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर हरियाणा गौरव अवार्ड से नवाजा गया। शनिवार को स्वामी इंद्रवेश विद्यापीठ आश्रम टिटौली की ओर से राज्य स्तरीय सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। इसमें विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रदेश के सैंकड़ों समाजसेवा, शिक्षा एवं अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को हरियाणा गौरव अवार्ड से सम्मानित किया गया। हरियाणा गौरव अवार्ड के लिए चरखी दादरी जिले से 5 लोगों का चयन हुआ था जिसमें गणित प्रवक्ता प्रमिला देवी के अतिरिक्त अंग्रेजी प्रवक्ता वीरेंद्र सिंह आदि शामिल हैं।

### दो साल से कोई भी अधिकारी जिम्मेदारी लेने को तैयार नहीं

# पब्लिक हेल्थ-नप के बीच फंसा जरनेटर ठीक करने की जिम्मेदारी कोई नहीं ले रहा

पहली बार पब्लिक हेल्थ व नप में डिस्पोजल पर रखा खराब जरनेटर को लेकर ठन गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

अभी तक पुलिस के मामले सीमाओं में उलझने की आम बात सुनी होगी,लेकिन पहली बार पब्लिक हेल्थ व नगरपरिषद में डिस्पोजल पर रखा खराब जरनेटर को लेकर ठन गई है। दोनों विभागों के अधिकारी उनका जरनेटर न होने की बात कह कर पल्ला झाड़ रहे है। यह स्थिति पिछले दो साल से बनी है। खराब जरनेटर को दुरुस्त करवाने की कोई से विभाग के अधिकारी ठीक करवाने की जहमत नहीं उठा रहे है। जिसकी वजह से बारिश के दिनों में बिजली कट के चलते सचिवालय के पास बारिश का पानी जमा हो जाता है। हैरानी की बात यह है कि इस मसले को सुलटाने के लिए एडीसी (नप डीएमसी) दोनों विभागों के अधिकारियों को आमने व सामने बैठा चुका है,लेकिन अभी तक कोई हल नहीं निकला है।



भिवानी। सचिवालय के पास डिस्पोजल पर रखे जरनेटर। फोटो : हरिभूमि



भिवानी। पम्प हाऊस को देखता एक व्यक्ति। फोटो : हरिभूमि

**यह है मामला** करीब तीन साल पहले सरकार ने नगरपरिषद के माध्यम से सचिवालय के पास अमृत योजना के तहत एक डिस्पोजल का निर्माण करवाया था। ताकि शहर के ढलान वाले करीब एक दर्जन बस्तियों का पानी की निकासी की जा सके। इसके लिए इस डिस्पोजल पर चार पैम्प सेट लगाए गए थे। इसका शहर को जबरदस्त फायदा भी हुआ। बारिश के दिनों में जिस वक्त पैम्पसेट को चालू किया जाता तो करीब एक घंटे के भीतर शहर का पानी की निकासी हो जाती थी। डिस्पोजल बनने से पहले इन कॉलोनियों का पानी करीब आठ से दस घंटों में ही निकल पाता था। इन पैम्पसेटों को चलाने के लिए दो जरनेटर लगाए गए थे। उनमें से एक जरनेटर दो साल से लोड ही नहीं उठा रहा है। जिसकी वजह से यह डिस्पोजल बिजली कट के वक्त पंगू हो जाता है। पानी की निकासी के वक्त चलाता तो पब्लिक हेल्थ है,लेकिन इसका निर्माण नगरपरिषद ने करवाया था। अब दुरुस्त करवाने की जिम्मेदारी किसकी है।

### दो साल से शिकायत, पर रिजल्ट जीरो: पार्षद संदीप

नगरपरिषद के वार्ड संख्या 2 के पार्षद संदीप यादव ने बताया कि सचिवालय के पास अमृत योजना के तहत 145 एमएलटी का एक डिस्पोजल बनाया गया था। वहां पर दो जरनेटर लगाए गए है। उनमें से एक जरनेटर पिछले दो साल से खराब है। जिसकी वजह से डिस्पोजल पर लगी आधी मोटरों को ही चलाया जा सकता है। बारिश के दिनों में आधी मोटर चलाए जाने से पानी की निकासी नहीं हो पाती। उन्होंने बताया कि दो साल से वे लगातार नगरपरिषद व पब्लिक हेल्थ विभाग के अधिकारियों के चक्कर लगा रहे है। उन्होंने बताया कि इस मसले की शिकायत डीएमसी से की तो उन्होंने दोनों विभागों के अधिकारियों से बातचीत की,लेकिन आज तक किसी भी विभाग ने उक्त खराब जरनेटर की जिम्मेदारी नहीं ली है। उन्होंने बताया कि अभी किसी भी वक्त बारिश आ सकती है। ऐसे में जरनेटर दुरुस्त करवाया जाना जरूरी है। साथ ही उन्होंने नगरपरिषद के अधिकारियों से शहर में बनी वाटर गुली को साफ करवाए जाने की भी मांग की।

### पब्लिक हेल्थ को किया था सुपुर्द : जसवंत

नगरपरिषद के कार्यकारी अभियंता जसवंत ने बताया कि हमने डिस्पोज बनते ही जरनेटर को पब्लिक हेल्थ को सुपुर्द कर दिया था। अब जरनेटर के रखरखाव की जिम्मेदारी पब्लिक हेल्थ विभाग की बनती है। वे ही इसको दुरुस्त करवाए और बारिश के दिनों या किसी अन्य वक्त जरनेटर चलाकर पम्पों को चलाया जा सकता है।

### जरनेटर नप ने नहीं किया हैंडओवर: रंगा

पब्लिक हेल्थ के कार्यकारी अभियंता सुनील रंगा ने बताया कि अभी यह जरनेटर नगरपरिषद का ही है। नगरपरिषद ने उनको हैंडओवर करने के लिए कोई कागज पत्र नहीं दिया है। लोगों की समस्या या शहर को जलभराव से बचाने के लिए वे जरनेटर चलाकर पम्पसेटों को चला देते है। साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया कि अगर उनके पास कोई हैंडओवर से संबंधित कागजात है तो वह दिखाए।



भिवानी। मांगों को लेकर अधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए। फोटो : हरिभूमि

# हुडा पार्क में पेयजल और टॉयलेट व्यवस्था भी चरमराई

- हुडा पार्क की समस्याओं के समाधान मांग को लेकर वेटरन संगठन भिवानी ने एक बार फिर सौंपा मांगपत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

हुडा पार्क में गहराई विभिन्न समस्याओं का समाधान करवाने की मांग लेकर वेटरन संगठन भिवानी द्वारा विभिन्न तरीकों से जिला प्रशासन को अवगत करवाया जा चुका है, लेकिन प्रशासन इस ओर कोई ध्यान देने की बजाए हुडा पार्क को उसकी दयनीय स्थित पर छोडक़र बैठा है, जिसका खामियाजा पार्क में घूमने आने वाले नागरिकों को भुगतना पड़ रहा हैए जिसमें विशेष रूप से बुजुर्ग है। हुडा पार्क में फैली गंदगी का निदान करवाने की मांग को लेकर वेटरन संगठन भिवानी के पदाधिकारियों ने जिला प्रधान सूबेदार मेजर बिरेंद्र सिंह ग्रेवाल बामला के नेतृत्व में सोमवार को नगराधीश को मांगपत्र सौंपा।

मांगपत्र के माध्यम से उन्होंने कहा कि हुडा पार्क में जगह.जगह गंदगी फैली रहती हैए टॉयलेट सफाई व्यवस्था से महरूम है, बच्चों के खेलने के झूले व बैंच टूटे पड़े है, रात के समय लाईटों की कोई व्यवस्था नहीं है, पार्क की रैलिंग टूटी पड़ी हैए पानी के अभाव में पेड.पौधें सूखे पड़े हैए हुडा पार्क की रैलिंग टूटी पड़ी है, योगा करने वाले स्थान की छत टूटी है जहां बारिश में पानी टपकता है। यही नहीं पार्क के पानी की कोई व्यवस्था नहीं हैए हर वर्ष टैंडर निकाले जाने के बावजूद भी हुडा पार्क के फव्वारे करीबन 10 साल से बंद पड़े है। उपरोक्त समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान करवाया जाए।

सूबेदार मेजर बिरेंद्र सिंह ग्रेवाल बामला ने कहा कि शहर के पार्क बुजुगाें के लिए लाईफ लाईन माने जाते है। क्योंकि यहां रोजाना सैंकड़ों की तादात में बुजुर्ग सैर करने के लिए आते है, लेकिन इसके बावजूद भी हुडा पार्क की सूध नहीं ली जा रही।

# सीआरसी ने निजी विद्यालयों में टीम सहित पहुंचकर वाहनों के कागजातों की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा

बवानी खेड़ा के राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय प्राचार्या.कम.कलस्टर सीआरसी संतोष भाकर द्वारा विभाग के आदेशानुसार कलस्टर के अनेक विद्यालयों में टीम सहित पहुंचकर निजी बसों में जीपीएस सिस्टमए सीसीटीवी कैमरे फायर सेफ्टीए चालक लाइसेंस फर्स्ट एड बॉक्स सहित अन्य की जांच की। प्राचार्या.कम.कलस्टर सीआरसी संतोष भाकर ने विद्यालयों में पहुंचकर बच्चों से भी बसों में आवागमन करने वाले विद्यार्थियों से चालक द्वारा बसों की स्पीड, परिचालक द्वारा व्यवहार, सीटिंग प्लान, विद्यालय प्रबंधन समिति के व्यवहार, बुक्स प्रकाशन, स्लेबस आदि की पूरी जानकारी ली और विद्यालय के वाहन चालकों के लाइसेंस की वैद्यता को भी जांचा।

उन्होंने निजी विद्यालय स्टाफ संग मीटिंग करके कलस्टर के सभी निजी विद्यालयों को आदेश दिए कि वे सभी विभागीय सूचनाओं का समय पर आदान.प्रदान करें किसी भी सूचना को हलके में न ले। समय समय पर अपने वालों की जांच करवाए ताकि भविष्य में किसी भी अनहोनी से बचा जा सके।



बवानीखेड़ा। राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय प्राचार्या .कम .कलस्टर सीआरसी संतोष भाकर द्वारा निजी विद्यालयों की बसों की जांच करते हुए।

### बच्चों की सुरक्षा के लिए बसों में पूरे करें मापदंड

**चरखी दादरी।** बच्चों की सुरक्षा सवार्ेपरि है और इसी के लिए प्रशासन की ओर से जिला में स्कूलों की बसों में मापदंड चैक करने का अभियान चलाया हुआ है। बीते तीन दिनों में 191 बसों को चैक किया जा चुका है और यह कार्य लगभग एक सप्ताह में पूरा कर लिया जाएगा। उपायुक्त मनदीप कौर ने कहा है कि पिछले दिनों महेन्द्रगढ़ जिला में हुई दुर्घटना सबके लिए दिल दहला देने वाली है। उन्होंने कहा कि बच्चे हमारे समाज की नींव है और हमारा भविष्य भी। ऐसे में बच्चों की सुरक्षा के लिए हर प्रयास किए जाने चाहिए। बच्चों की सुरक्षा सबसे पहली प्राथमिकता है। इसी को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन की ओर से जिला में स्कूलों की बसों में मापदंड चैक करने के लिए अभियान चलाया हुआ है। अभी तक 191 बसों को चैक किया गया है ।

# छह स्कूली वाहनों के काटे चालान

- आरटीए ने चेक किए 55 वाहन और ट्रैफिक एसएचओ भिवानी ने किए 25 वाहन चेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

डीसी नरेश नरवाल के आदेशानुसार ने जिला में सचिव प्रादेशिक परिवहन द्वारा सोमवार को 55 स्कूली वाहनों को चेक किया गया, जिसमें एक वाहन का चालान किया गया और 500 रुपए जुर्माना लगाया गया। वहीं दूसरी ओर शहर यातायात थाना प्रभारी द्वारा 25 स्कूल वाहनों को चेक किया गया, जिनमे से 5 के चालान कर 67500 रुपए जुर्माना लगाया गया।

दो वाहनों को इंपाउंड किया गया। इस प्रकार से सोमवार को कुल 80 वाहनों की जांच की गई, जिन पर कुल 68000 रुपए जुर्माना लगाया गया। उल्लेखनीय है कि बच्चों की सुरक्षा को लेकर स्कूली वाहनों के लिए सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी सरकार द्वारा बनाई गई है। इसके तहत बच्चों की सुरक्षा को लेकर स्कूली वाहनों में जरूरी उपकरण और अन्य व्यवस्थाएं होना जरूरी है। स्कूलों की बस का रंग पीला होना चाहिए और उसमें नीले रंग की पट्टी में स्कूल का नाम लिखा होता है। बस के अंदर प्राथमिक उपचार बॉक्स और अग्निशमन यंत्र होना जरूरी है। इसके अलावा बस के अंदर किसी भी प्रकार की गतिविधि की निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरा होना चाहिए।

स्कूली वाहन की स्पीड पर कंट्रोल के लिए स्पीड गवर्नर लगा होना चाहिए। स्कूल की बस के ड्राइवर का मेडिकल फिटनेस होना जरूरी है और ड्राइवर रखे जाने वाले के लिए 5 साल का अनुभव होना चाहिए। स्कूल की बस के विंडो पर होरिजेंटल ग्रिल हो ताकि कोई बच्चा किसी कारण बस खिड़की से बाहर नहीं गिर सके। स्कूल की बस पर ड्राइवर का नाम उसका मोबाइल नंबर अंकित होना चाहिए । इसके साथ ही ड्राइवर प्रॉपर वर्दी में होए स्कूल बस चलाते समय सीट बेल्ट अवश्य लगनी होती है। स्कूली बस की पासिंग और टैक्स भरा हुआ होना चाहिए। इसके साथ ही स्कूल बस में महिला के परिचालक का होना भी जरूरी है।

डीसी नरेश नरवाल ने जिला के स्कूल जिला के सभी प्राइवेट सरकारी और सभी शिक्षण संस्थानों के संचालकों को निर्देश दिए हैं कि वे स्कूली वाहनों में सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी की पालना करेंए आदेशों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।




भिवानी। कार्यक्रम में सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### हमारा अपना फाउन्डेशन ने मानाया स्थापना दिवस

**भिवानी।** हमारा अपना फाउन्डेशन का प्रथम स्थापना दिवस फाउन्डेशन के कार्यालय हांसी गेट भिवानी मे मनाया गया, जिसमे फाउन्डेशन के सदस्यों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। गत वर्ष मे सामाजिक कार्यों में सहयोग व योगदान के लिए फाऊंडेशन के संस्थापक सचिन वर्धमान एवम सी ई ओ श्री एस के सिंह ने सबका हृदय से धन्यवाद किया। हमरी संस्था का मुख्य उद्देश्य समाज में फैली कुकृतीयो के खिलाफ अपना योगदानए व्रक्षा रोपण अभियान, रक्त दान कैंप गरीब बच्चो की पढ़ाई में योगदान व अन्य सामाजिक कार्यों में सहयोग देना है। इस अवसर पर संस्था के प्रमुख सदस्य आरपी ओला, देवेंद्र अत्री, प्रवेश गौतम, प्रो. रवि प्रकाश, राजेश पठानिया, डॉ. मूल राज, एडवोकेट अवतार सांगवान मांगे राम अमन गर्ग तथा अन्य सदस्य उपस्थित थे।

**फैसला** स्कूलों के खिलाफ तानाशाही रवैया नहीं करेंगे बर्दाश्त : रामअवतार शर्मा

# समाधान नहीं किया तो हजारों बसों को लेकर उपायुक्त कार्यालय का करेंगे घेराव, डीसी को सौपेंगे बसों की चाबी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

सरकार, शिक्षा विभाग व ट्रांसपोर्ट विभाग के तानाशाही रवैये से परेशान प्राइवेट स्कूल वेलफेयर एसोसिएशन हरियाणा ने आज भिवानी में प्रदेश स्तरीय मीटिंग आयोजित की। मीटिंग प्रदेश के सभी जिलों से स्कूल संचालक और एसोसिएशन के पदाधिकारी शामिल हुए। सबसे पहले सभी स्कूल संचालकों ने दो मिनट का मौन रख कनीना स्कूल बस हादसे में मारे गए आठ बच्चों को श्रद्धांजलि दी। मीटिंग के बाद पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए रामअवतार शर्मा ने कहा कि हादसे का सभी स्कूल संचालकों को बहुत दुःख है और बच्चों के परिवारों के प्रति हमदर्दी है। और शिक्षा के क्षेत्र में होने के नाते एक तरह से हादसे कि हमारी नैतिक जिम्मेदारी भी है। और इससे सबक लेते हुए एसोसिएशन हर स्तर पर सुधर का प्रयास करेगा। लेकिन इस हादसे की आड़ में प्राइवेट स्कूलों के साथ सरकार, शिक्षा विभाग, व ट्रांसपोर्ट विभाग के अधिकारी जो दुर्वयवहार कर रहे हैं वो किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। सरकार में उच्च पदों पर बैठे अधिकारी प्राइवेट स्कूलों को जूते मारने की बात कर रहे हैं। ऐसी भाषा उन्हें शोभा नहीं देता क्योंकि हरियाणा के प्राइवेट स्कूल संचालक किसी तरह का अनैतिक कार्य नहीं कर रहे, बल्कि शिक्षा देना जो सरकार का नैतिक दायित्व है उसे पूरा करने में प्राइवेट स्कुल बहुत अहम भूमिका निभा रहे हैं। ऐसे में प्राइवेट स्कूलों को बुरा भला कहना बिलकुल सही नहीं ठहराया जा सकता। मैं इन अधिकारियों के बयान की कड़ी निंदा करता हूँ। अब तक ये अधिकारी कहाँ सोये हुए थे। इन्होंने अपनी जिम्मेदारी ठीक से क्यों नहीं निभाई, इन्होने कंडम हो चुकी बसों की चेकिंग क्यों नहीं की। आज जो ये अधिकारी स्कूलों में जाकर बसों को उठाकर ला रहे हैं ये अपना तानाशाही रवैया बंद करें और प्राइवेट स्कूलों के साथ तमीज से पेश आएंगी। किसी एक स्कूल संचालक की गलती की सज़ा हरियाणा के सभी प्राइवेट स्कूलो को नहीं दी जा सकती। एसोसिएशन बच्चों की सुरक्षा को लेकर बहुत संजीदा है और पेरेंट्स सरकार के आश्वासन पर नहीं प्राइवेट स्कूल संचालकों के भरोसे पर बच्चे हमारे पास भेजते हैं। आज अचानक से सभी विभागों को प्राइवेट स्कूलों में कमियां नज़र आ रही है। इस अवसर पर करण मिर्ग़, डीपी कौशिक, राम कुमार बंगालिया, दीपक शर्मा, संजीव श्योराण, तेजेंदर सरोहा, श्रद्धानन्द शर्मा, शमशेर सिंह, कमला गुरेजा, जगदीप कौर, अजय गुप्ता आदि मौजूद रहे।



भिवानी। पत्रकारों से बातचीत करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### दो दिन करेंगे इंतजार

रामअवतार शर्मा ने कहा कि यदि सरकार शिक्षा और ट्रांसपोर्ट विभाग एसोसिएशन कि मांगों पर सकारात्म रवैया नहीं दिखाता तो एसोसिएशन बसों से हरियाणा के सभी जिलों में उपायुक्त कार्यालय का घेराव करने के लिए मजबूर होगा। शर्मा ने कहा कि एसोसिएशन दो दिन इंतजार करेगा और यदि कोई संतोषजनक समाधान नहीं निकला तो उसके लिए सरकारी अधिकारी जिम्मेदार होंगे। प्राइवेट स्कूलों ने कुछ गलत नहीं कर रखा जो हम स्कूल बंद करके अपने बच्चों की पढाई का नुकसान करें, लेकिन ये बात सरकार को भी समझनी होगी। हम सरकार के साथ हर तरह से सहयोग करने को तैयार हैं लेकिन यदि सरकार प्राइवेट स्कूलों के साथ टकराव का रास्ता अपनाती है तो एसोसिएशन भी पीछे नहीं हटेगा।

# सहेली



रिलेशनशिप / अनुराग मनींद्र

## बनाए रखें संवाद घुली रहेगी रिश्तों में मिठास

परिजन हों या रिश्तेदार या फिर मित्र, इन सबसे आपके रिश्ते हमेशा मधुर रहें, इसके लिए जरूरी है सबसे निरंतर बातचीत होती रहे, संवाद बना रहे। यह संवाद ही होता है, जो किसी प्रकार के मनमुटाव, गलतफहमी को दूर करता है, हमें रिश्तों की डोर से बांधकर रखता है।

मामूली कहा-सुनी के कारण पिछले कुछ दिनों से लावण्या और काव्या के बीच बातचीत बंद थी। दोनों का 'ईगो' संवाद की पहल करने से रोक रहा था। आखिरकार काव्या ने अपने अहम को किनारे रखकर लावण्या से बातचीत की पहल की। फिर क्या था, उन दोनों के मन में एक-दूसरे के प्रति जो कड़वाहट थी, खत्म हो गई। दोनों का सारा गुस्सा भाप बनकर उड़ गया। यह होता है संवाद का असर!

### संवाद से दूर होती है गलतफहमी

**कई बार** छोटी-मोटी तकरार या कुछ गलतफहमियों की वजह से लोग आपस में बातचीत बंद कर देते हैं। ऐसे में संवादहीनता की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। अगर यह स्थिति



लंबी खिंच जाए तो रिश्तों में दूरियां बन जाती हैं। यहां ध्यान देने वाली बात यह है कि गलतफहमी की वजह से संवादहीनता की स्थिति उत्पन्न हो जाती है या संवाद के अभाव में गलतफहमी पैदा हो जाती है। इन दोनों ही स्थितियों से अपने रिश्ते को बचाने की हर संभव कोशिश करनी चाहिए। दोनों में से किसी भी पक्ष की अपनी ओर से संवाद बनाए जाने की पहल होनी चाहिए। इससे गलतफहमी दूर हो जाएगी।

**हर रिश्ता अपने-आप में खूबसूरत है:** किसी से रिश्ता, परिवार और समाज द्वारा इंसान को प्राप्त सबसे बड़ी नेमतों में से एक है। जन्म के साथ ही हमारे साथ कुछ रिश्ते जुड़ जाते हैं। फिर जैसे-जैसे हम बड़े होते जाते हैं, घर-परिवार और समाज में तमाम लोग हमसे जुड़ते चले जाते हैं। हर रिश्ते का अपना महत्व है। हम पर निर्भर करता है कि हम रिश्तों के महत्व को कितना समझते हैं, इसे कैसे निभाते हैं।

**संवाद के लिए वक्त निकालें:** बहुत ज्यादा व्यस्त होने के कारण भी अकसर लोग अपने रिश्तों को उचित समय नहीं दे पाते हैं। ऐसे में प्रायः संवादहीनता की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। आज की इस दौड़ती-भागती जिंदगी में हर इंसान वक्त की कमी का रोना रोता रहता है। 'वक्त की कमी' आज के दौर का सच है, लेकिन ऐसा भी नहीं है कि कोई इंसान इतना व्यस्त हो कि अपनों के लिए, अपने रिश्तों के लिए जरा भी समय ना निकाल सके। एक फोन-कॉल, एक छोटी-सी मुलाकात, किसी खास मौके पर उपहार, ये सब बातें रिश्तों में मिठास घोलती हैं।

**'ईगो' को रख दें एक ओर :** जब कभी भी दो लोगों के मध्य संवादहीनता की स्थिति आती है तो सवाल यही उठता है कि बातचीत की पहल कौन करे? ऐसे में 'ईगो' बीच में आ जाता है। कई खूबसूरत रिश्ते सिर्फ संवादहीनता की वजह से मुरझा जाते हैं। ध्यान रहे, हमारा 'ईगो' किसी भी सूरत में रिश्तों से अधिक महत्वपूर्ण नहीं हो सकता। अपने 'ईगो' को एक किनारे रखें और संवाद की पहल करें। अपनों से 'कहा-सुनी' से बचते हुए, कुछ अपनी कहें, कुछ अपनों की सुनें। इससे आपके रिश्ते हमेशा खिले रहेंगे, मधुर बने रहेंगे।

किसी भी कारण अगर बच्चे को पिता का सान्निध्य और संरक्षण नहीं मिलता है तो अकेली मां के लिए बच्चे की परवरिश आसान नहीं होती। सिंगल मदर के बच्चे भावनात्मक रूप से बहुत कमजोर हो जाते हैं। इनका विकास बहुत ज्यादा बाधित होता है। ऐसे बच्चों की मनोदशा समझना बहुत जरूरी है, ताकि उनकी परवरिश सही ढंग से हो।

कवर स्टोरी / नीलम अरोड़ा

## इमोशनली वीक होते हैं सिंगल मदर के बच्चे

विभिन्न शोध अध्ययनों और सर्वेक्षणों से वैश्विक स्तर पर यह बात उभर कर आई है कि दुनिया में सबसे ज्यादा भावनात्मक रूप से कमजोर सिंगल मदर यानी अकेली मां के बच्चे होते हैं। उनकी यह भावनात्मक कमजोरी उनके समूचे व्यक्तित्व में हर जगह झलकती है। मसलन, सिंगल मदर्स के बच्चों की स्कूली उपलब्धियां कमतर होती हैं। सौ में से कोई एक या दो बच्चा ही पढ़ने में औसत से बेहतर होता है। अपनी कक्षा में सबसे तेज-तर्रार होना तो ऐसी मदर्स के बच्चों के लिए स्वप्न सरीखा होता है, क्योंकि इन बच्चों का सामाजिक और भावनात्मक विकास उस स्तर का नहीं हुआ होता कि ये व्यावहारिक दुनिया की वास्तविकताओं का सहजता से सामना कर सकें। सिंगल मदर के बच्चे स्वभाव से बेहद चिड़चिड़े, कामचोर और परफॉर्मेंस के मामले में दयनीय होते हैं। इनकी दिनचर्या, शिक्षा, आवास व्यवस्था और पारिवारिक आय में हमेशा सिंगल मदर का बच्चा होना मौजूद रहता है।

### समाज की तमाम खूबियों से वंचित

समाजशास्त्री बार-बार कहते हैं कि आदमी एक सामाजिक प्राणी है, इसलिए आदमी की परवरिश में सामाजिक तत्वों का बहुत महत्व होता है। जब किसी बच्चे को अपने विकास के क्रम में ये सामाजिक तत्व हासिल नहीं होते, तो वे समाज की उन तमाम खूबियों से वंचित हो जाते हैं, जो खूबियां दूसरे बच्चों को बिना किसी अतिरिक्त प्रयास के हासिल होती हैं। अकेले मां-बाप के बच्चे जो ज्यादातर समय अकेले रहते हैं, उनकी भाषा उन बच्चों से भिन्न होती है, जो बच्चे अपने घर के तमाम सदस्यों के साथ रहते हैं। इनकी भाषा असभ्य, हिंसक और सीमित शब्दावलियों वाली होती है,



क्योंकि ये कम से कम शब्दों को सीखते हैं और उन्हीं से काम चलाते हैं।

### हमेशा रहते हैं डरे-सहमे

अमेरिका में सिंगल मदर के किशोरों का अध्ययन करने से पता चला है कि ये हमेशा डरे-डरे रहते हैं, क्योंकि यह बचपन में बहुत लंबे समय तक अकेले रहे होते हैं। इनके अंदर समूह में किस तरह व्यवहार किया जाए, इसकी समझ नहीं होती। ये कई लोगों के बीच अचकचा जाते हैं। इन्हें घर से भाग जाना, चोरी करना और शराब पीना ना बुरा लगता है और ना ही इससे इनको किसी तरह का खतरा महसूस होता है। अकेले रहने के कारण इनके शरीर में रासायनिक परिवर्तन की भिन्नता भी देखने को मिलती है। मसलन, इनमें अकसर तनाव का हार्मोन कोर्टिसोल बढ़े हुए स्तर पर पाया जाता है। ये या तो अकसर सोते ही रहते हैं या बहुत कम सोते हैं। ये बहुत आसानी से धूम्रपान या किसी अन्य व्यसन के आदी हो जाते हैं।

### कई तरह की व्याधियों से होते हैं घिरे

अकेली मां के बच्चों की जो एक खास पहचान है, वह यह है कि वो अकसर सिरदर्द या ऐसे अस्पष्ट दर्द से पीड़ित होते हैं, जो उन्हें पता ही नहीं होता कि कहां हो रहा है, किस वजह से हो रहा है। यह ज्यादातर समय गंदे रहते हैं। सजने-संवरने का इन्हें कोई शौक नहीं होता और खाने के मामले में इनमें जरा भी सौंदर्यबोध नहीं होता। ये खाने को इस तरह से खाते हैं कि आमतौर पर किसी दूसरे को देखने में बुरा लगता है। ये अवसाद और चिंताओं से घिरे होते हैं। ये शरीर से कमजोर होते हैं और बहुत कम के चेहरे पर कभी कोई आकर्षण दिखता है। कुल मिलाकर अकेलापन सिर्फ बूढ़ों को ही लाचार नहीं बनाता बल्कि अगर यह छोटे बच्चों के जीवन में भी मौजूद होता है, तो उन्हें भी यह बचपन से कुंठित कर डालता है। इसलिए ऐसे बच्चों की परवरिश में मां को बहुत सावधानियां बरतनी पड़ती हैं। ऐसे में सिंगल मदर्स के प्रति परिजन, रिश्तेदार और आस-पास के लोगों का एक सामाजिक दायित्व बनता है कि वे अकेली मां को ही नहीं, उसके बच्चे को भी अपना प्रेम-स्नेह दें, उनका भावनात्मक संबल बनें, ताकि वे अपने आपको अकेला, निसहाय ना समझें। बच्चों का विकास सही ढंग से हो।



### अकेले रहना करते हैं पसंद

**देखा यही** गया है कि अकेली मां के बच्चे स्कूलों में सहजता से टीचर की बातें समझ नहीं पाते। समझते हैं तो सीख नहीं पाते और टीचर ही नहीं बल्कि अपने सहपाठियों के साथ भी तालमेल नहीं बैठा पाते। इन्हें उनका व्यवहार अटपटा लगता है और बाकी बच्चों की नजरों में अकेली मां के ये बच्चे अबूझ किस्म के होते हैं, ये बच्चे ज्यादातर समय अकेले रहना पसंद करते हैं। अकेले रहते हुए कई तरह की असुरक्षाओं से दो-चार होते हैं। इनका शरीर तो पर्याप्त पोषण से वंचित होता ही है, इनके मन और दिमाग को भी पर्याप्त पोषण नहीं मिलता। ज्यादातर सीरियल किलर विस्तृत अध्ययन में एकल मां-बाप के बच्चे पाए गए हैं या जिन्हें बचपन में लंबे समय तक अकेले रहना पड़ा है।



बिहेवियर / शीला श्रीवास्तव

## पति के मित्रों का जरूर करें आदर-सत्कार लेकिन...

पति के मित्र भी आपके अतिथि हैं, आत्मीय हैं। वे जब घर आएं तो उनका पूरा आदर-सत्कार करें, लेकिन कुछ बातों का ध्यान भी जरूर रखें, यह रिश्तों की मर्यादा के लिए जरूरी है।

पति के मित्र पत्नी के भी आत्मीय होते हैं, क्योंकि वे दुःख की घड़ी या आपात-स्थिति में मददगार होते हैं, परिवार का संबल बनते हैं। इस मित्रता में आदर-सत्कार और स्नेह के भाव जरूर होने चाहिए, लेकिन कुछ बातों का ध्यान रखना भी जरूरी है।

**बनाए रखें शालीनता :** पति के मित्रों से बात करना गलत नहीं है, लेकिन बातचीत की भाषा कभी भी हल्की नहीं रखें, ना ही उल्टे-सीधे मजाक करें। कोई ऐसी हरकत भी ना करें, जिससे आपकी छवि बिगड़े। पति के मित्रों के साथ हमेशा शालीनता से पेश आएं। एक गरिमा बनाकर रखें, इससे उन पर आपके व्यक्तित्व का अच्छा प्रभाव पड़ेगा।

**शिकायत ना करें:** अपने घर-गृहस्थी और परिवार के लोगों की शिकायत कभी भी भूलकर पति के मित्र के सामने ना करें, जैसे 'मैं आपको क्या बताऊं भाई साहब, सालों हो गए हमें मूवी देखे।', 'रेस्टोरेंट जाने को बोलो तो एक ही बात उनके जुबां पर होती है, मुझे बाहर का खाना नहीं जमता।' साथ ही पति के मित्रों से कभी अपने पति की तुलना ना करें, ना ही उनकी किसी कमजोरी का जिक्र करें, जैसे 'भाई साहब आप अपनी वाइफ का कितना ख्याल रखते हैं और एक ये हैं, इन्हें तो मेरी कोई फिक्र ही नहीं रहती। अब मैं आपसे क्या-क्या बताऊं...।' ऐसी शिकायतों से आपके पति के मित्र को ऐसा लग सकता है कि आप अपने पति से खुश नहीं हैं। जब ऐसी शिकायतें आपके पति को पता चलेंगी तो इसका गलत असर आपके दांपत्य जीवन पर पड़ सकता है।

### पति की अनुपस्थिति में ज्यादा देर ना बैठाएं

**पति की** अनुपस्थिति में उनके मित्र से बहुत अधिक समय बात ना करें या रुकने को ना कहें। घर में अन्य सदस्य हैं तो भी



थोड़े से अतिथि सत्कार के बाद उन्हें विदा कर दें। विशेषकर जब आप घर में अकेली हों तो जहां तक संभव हो, उन्हें घर के अंदर बैठाने से बचें।

**पति से कुछ ना छिपाएं:** यदि आपको पति के मित्र की कोई हरकत पसंद नहीं आ रही हो, अनुचित लगे तो तुरंत अपने पति को बताएं ताकि उनके सामने उस मित्र की असलियत पता चले और पति इस पर अपने ढंग से टोकें या ऐसे मित्र से एक दूरी बना लें।

**बुरे व्यसन वालों से रहें सावधान:** पति की दोस्ती कई प्रकार के लोगों से हो सकती है, जिन्हें कुछ कारणों से निभाना ही पड़ता है। इनमें कोई ऐसा मित्र भी हो सकता है, जो मद्यपान करता हो, आप ऐसे व्यसन करने वालों से दूर रहें। पार्टी आदि में मद्यपान करने वाले पति के मित्रों के नजदीक ना जाएं।

**गलत फायदा ना उठाने दें:** आपके मृदुभाषी और अपनेपन से पेश आने पर पति का कोई मित्र अन्यथा ना ले, इस बात का हमेशा ध्यान रखें। कभी-कभी रिजर्व नेचर रखना भी जरूरी होता है। ज्यादा करीब आने या अधिकार जताने वालों से सावधान रहें। पति के सभी मित्र एक समान नहीं होते, इसलिए इनके प्रति आपकी एक भले-बुरे इंसान की पारखी नजर जरूरी है।

हेल्थ एडवाइस / अंजू जैन

## स्ट्रेच मार्क्स अपनाएं ये घरेलू उपाय

शरीर का वजन अचानक बढ़ने या घटने से स्किन पर स्ट्रेच मार्क्स हो जाना एक सामान्य समस्या है। महिलाओं में प्रेगनेंसी के कारण पेट, पैर और कूल्हों की चर्बी अचानक बढ़ या घट जाती है, तब भी यह समस्या देखने को मिलती है। ऐसे में आप कुछ घरेलू उपाय आजमाकर इससे निजात पा सकती हैं-

- स्किन का लचीलापन बरकरार रखने और उसे भीतर से हाइड्रेशन देने के लिए पानी समुचित मात्रा में पिएं।
- स्किन को हमेशा हाइड्रेटेड और मॉयश्चराइज्ड रखें। इससे स्किन स्मूद होती है और इसकी टोनिंग हो जाती है। पेट, लोवर बैक, जांघों, पैरों और कूल्हों की चर्बी पर भी मॉयश्चराइजिंग क्रीम या लोशन लगाएं।





- हायल्यूरोनिक एसिड जैल, स्किन हाइड्रेशन के लिए बेहद उपयोगी है। इससे रोज मालिश करना फायदेमंद है।
- दिन में दो बार तेल (ऑलिव, आल्मंड, कैस्टर, कोकोनट जो आपको पसंद हो) की मालिश करना भी अच्छा उपाय है। यह नहाने के तुरंत बाद करें तो ज्यादा फायदेमंद है।
- एलोवेरा जैल को स्किन पर लगाने से भी स्ट्रेच मार्क्स से राहत मिलती है।
- अंडा, प्रोटीन का अच्छा स्रोत होता है। स्किन पर अंडे का सफेद भाग लगाने से भी स्ट्रेच मार्क्स कम होते हैं।
- कोको बटर या शिया बटर अच्छे स्किन मॉयश्चराइजर हैं। इनसे स्ट्रेच मार्क्स पर सर्कुलर मसाज करें तो अच्छा रिजल्ट मिलता है। कोको बटर लोशन को विटामिन ई ऑयल के साथ लगाकर रोज सुबह मालिश करना अधिक फायदेमंद होगा।
- सनस्क्रीन लोशन भी लगा सकती हैं।
- हमेशा स्किन की नरिशिंग करने वाले न्यूट्रिशस फूड्स लें।

गर्मी के मौसम में यंग और मिड एज की महिलाएं अकसर डल स्किन, ड्रायनेस और टैनिंग से परेशान रहती हैं। इनसे निजात पाने के साथ ग्लो बनाए रखने के लिए आप कुछ ईजी होम रेमिडीज अप्लाई कर सकती हैं।

## आजमाएं होम रेमिडीज पाएं ग्लोइंग स्किन



ब्यूटी सजेशन
शहनाज हुसैन
कॉस्मेटोलॉजिस्ट

गर्मी का मौसम शुरू हो चुका है। ऐसे में धूप के संपर्क और घर से बाहर धूल-प्रदूषण में रहने से स्किन ड्राय, बेजान और टैन हो सकती है। गर्मी में धूप और पसीने से स्किन ग्लो कम होने लगता है। इस स्थिति में केमिकल ट्रीटमेंट करवाने से कुछ इंस्टेंट फायदा तो मिल सकता है, लेकिन लंबे समय में नुकसान झेलना पड़ता है। जबकि घरेलू उपायों को आजमाने से मनचाहा रिजल्ट पाने में थोड़ा समय जरूर लगता है लेकिन इससे स्किन पर नेचुरल ग्लो आता है, वो भी किसी साइड इफेक्ट और ज्यादा पैसे खर्च किए बिना। आप इन होम रेमिडील से मनचाही ग्लोइंग स्किन प्राप्त कर सकती हैं।



- गर्मी में स्किन पर आइस क्यूब लगाना फायदेमंद होता है। इससे स्किन में अच्छी तरह से ब्लड सर्कुलेशन होता है। अगर आप किसी पार्टी या फंक्शन में जाने वाली हैं तो मेकअप से कुछ समय पहले अपने चेहरे पर आइस क्यूब से मसाज करें। इससे आपका मेकअप लंबे समय तक टिका रहेगा। स्किन पर आइस क्यूब की मालिश करते समय इसमें अगर मॉयश्चराइज़र की कुछ बूंदें डाल लें तो लंबे समय तक ग्लो बना रहेगा।
- एक-दो गेंदे के फूलों को पीसकर उसमें दही, चंदन का पावडर मिलाएं। इस पेस्ट को चेहरे पर 20 मिनट लगाकर रखें।



इससे चेहरे को ठंडक मिलेगी। पिंपल्स और रैशेज दूर होंगे। यह एस्ट्रिजेंट की तरह काम करेगा और चेहरे को ऑयल फ्री रखेगा। स्किन के पोर्स भी बंद होंगे।

- शहद और दही में कुछ बूंदें रेड वाइन की मिलाएं। इसे फेस पर लगाकर 20 मिनट के लिए छोड़ दें। फिर सादे पाने से धो लें। यह स्किन को सॉफ्ट बनाएगा और उसे पूरी तरह मॉयश्चराइज भी करेगा। इससे टैनिंग दूर होगी।



- गुनगुने दूध में थोड़ा सा चोकर कुछ देर के लिए भिगो दें। अब नहाने से पहले चेहरे, गर्दन और पीठ पर इसे लगाएं। सूखने पर साफ पानी से धो लें। ऐसा रेग्युलर करने से कॉम्प्लेक्शन निखरेगा।
- ताजे-कच्चे एवोकैडो के पल्प में एलोवेरा जैल मिलाकर पैक बनाएं। चेहरे पर इसे लगाकर 20 मिनट के लिए छोड़ दें। एवोकैडो में कई विटामिंस, मिनरल्स और एंटी-ऑक्सीडेंट्स होते हैं। इससे स्किन के एजिंग साइन भी दूर होते हैं।
- मुल्तानी मिट्टी में कई मिनरल होते हैं। इसका मास्क लगाने से स्किन के ऑयल ग्लैंड्स कंट्रोल होते हैं। इससे चेहरा ड्राय और डल नहीं दिखता।
- अगर आपकी स्किन ऑयली है तो 1 बड़ा चम्मच मूंग दाल को पानी में कुछ देर भिगोकर रखें फिर उसका पेस्ट बना लें। इसमें मैश किया हुआ टमाटर मिलाएं। चेहरे पर लगाकर इसे हल्के हाथ से चेहरे की मसाज करें। 20 मिनट के बाद चेहरा धो लें।
- खीरे और पके पपीते को मैश कर इसमें दही मिलाएं। अब इसमें नीबू का रस डालें। इस पेस्ट को लगाकर आधे घंटे बाद चेहरा धो लें।
- ड्राई स्किन के लिए रेड वाइन, एलोवेरा जैल और मिल्क पावडर से तैयार पैक को 20 मिनट चेहरे पर लगा कर रखें। फिर पानी से साफ कर लें। इससे चेहरा खिल उठेगा।

मेकअप / साधना शर्मा, ब्यूटीशियन

मैरिज फंक्शन को अगर छोड़ दें तो आमतौर पर लाइट मेकअप ही अच्छा लगता है। इसकी वजह है कि इसमें आपका नेचुरल लुक निखर उठता है। कैसे करें घर पर लाइट मेकअप, स्टेप बाई स्टेप जानिए।

## लाइट मेकअप से दें चेहरे को नेचुरल लुक



चेहरे पर खूबसूरती तभी-झलकती है, जब आपका चेहरा नेचुरल नजर आ रहा हो। कहने का मतलब है, मेकअप ऐसा होना चाहिए कि पता भी नहीं चले कि आपने मेकअप कर रखा है। मेकअप के साथ आपका फेस ग्लोइंग और नेचुरल नजर आना चाहिए। यहां बताए जा रहे स्टेप्स को फॉलो कर आप घर पर ही लाइट मेकअप कर सकती हैं।

**फेस क्लीनिंग:** सबसे पहले फेस क्लीनिंग जरूरी है। चेहरे पर चमक लाने के लिए मेकअप करने के दो घंटे पहले एलोवेरा जैल लगा लें। इससे जब आप मेकअप करेंगी तो आपके मेकअप पर एक अलग सी चमक नजर आएगी। इसके बाद अपना चेहरा फेस वॉश से धो लें और फिर एक अच्छे मॉयश्चराइजर को फेस पर इस्तेमाल करें।



**प्राइमर:** किसी भी प्रकार का मेकअप करने से पहले जरूरी होता है कि मॉयश्चराइजेशन के बाद प्राइमर लगाएं, जिससे चेहरे की त्वचा एक सार नजर आती है। इस तरह आपका बेस तैयार हो जाएगा। ऐसा करने से आपका मेकअप ज्यादा देर तक टिका रहेगा।

**फाउंडेशन:** जब आप प्राइमर को पूरे चेहरे पर लगा लेती हैं तो उसके बाद नंबर आता है फाउंडेशन लगाने का। फाउंडेशन को सही तरीके से लगाना जरूरी है, नहीं तो जगह-जगह पर पैच नजर आने लगता है। फाउंडेशन हमेशा अपनी स्किन से एक टोन लाइटर लेना चाहिए। बहुत ज्यादा फाउंडेशन अपने फेस पर नहीं लगाएं।

**ब्लशर-हाइलाइटर:** फाउंडेशन को लगाने के बाद आप ब्लशर का इस्तेमाल करें। इसे लगाने से पहले ध्यान रखें कि इसमें बहुत ही हल्के रंगों का इस्तेमाल होना चाहिए। जैसे कि पीच और पिंक कलर के ब्लशर लाइट मेकअप के लिए बेस्ट होते हैं। अगर आपका मन हाइलाइटर लगाने का है तो उसे भी आपको बिल्कुल लाइट शेड में ही लगाना चाहिए, इससे आपका लुक पूरी तरह नेचुरल नजर आएगा।

**लिपस्टिक:** मेकअप में सबसे ज्यादा अट्रैक्शन होता है लिपस्टिक का। लिपस्टिक को आप अपने हिसाब से चुन सकती हैं, क्योंकि अपनी स्किन टोन के हिसाब से आपको पता होगा कि आप पर किस कलर की लिपस्टिक जंचती है? लेकिन अगर आपको नेचुरल लुक चाहिए तो आप बहुत ज्यादा ब्राइट शेड के बजाय लाइट कलर लिपस्टिक का ही इस्तेमाल करें। इससे आपका नेचुरल लुक कंप्लीट हो जाएगा।

प्रस्तुतिः मानसी

अगर आपकी है रचनात्मक लेखन में रुचि

अगर आप अपने आस-पास की बदलती दुनिया पर नजर रखते हैं। आप हटकर सोचते हैं, आपके भीतर विवेचन और लेखन की क्षमता है, आप पत्रकारिता-लेखन के प्रति प्रतिबद्ध हैं, तो जुड़िए दैनिक हरिभूमि से। हमें दिल्ली में अपने फीचर विभाग के लिए आवश्यकता है-

- वरिष्ठ उप संपादक / उप संपादक
- प्रशिक्षु उप संपादक
- हिंदी टाइपिंग में कुशल ऑपरेटर भी आवेदन कर सकते हैं।

यथाशीघ्र अपना बायोडाटा मेल करें-
E-Mail: haribhoomifeaturedep@gmail.com

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्य प्रदेश से एक साथ प्रकाशित

## खबर संक्षेप



### बदलाव वेलफेयर सोसायटी ने छात्रों को बांटी स्टेशनरी

**भिवानी।** बच्चों के जीवन का सबसे प्रमुख लक्ष्य पढ़ाई है, उन्हे अपने इस लक्ष्य से कभी पीछे नहीं हटना चाहिए। क्योंकि एक विद्यार्थी शिक्षा के सहारे ही अपने परिवार व देश की तकदीर व तस्वीर बदल सकता है। यह बात बदलाव वेलफेयर सोसायटी द्वारा हनुमान ढ़ाणी माल्यान स्कूल में बच्चों को पाठ्न सामग्री वितरित करते हुए समाजसेवी पीआर बंसल एवं सोसायटी के अध्यक्ष श्यामपाल ने कही। इस मौके पर उन्होंने बदलाव वेलफेयर सोसायटी के इस कार्य की प्रशंसा की तथा कहा कि बच्चों को स्टेशनरी वितरित कर उन्हे शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करना एक सराहनीय कदम है।



### सरसों की नहीं हुई खरीद किसानों ने लगाया जाम

**बाढ़ड़ा।** बाढ़ड़ा अनाज मंडी में सोमवार को सरसों की फसल लेकर पहुंचे किसानों की फसल खरीद नहीं किए जाने पर किसानों ने मंडी गेट के सामने बाढ़ड़ा जुई सड़कमार्ग पर जाम लगा दिया। इस दौरान उन्होंने सड़क के बीच बैठकर नारेबाजी कर रोष जताया। जिससे वहां कुछ देर के लिए यातायात व्यवस्था बाधित हुई। बाद में किसानों को समझा बुझाकर जाम खुलवाया गया। बाढ़ड़ा अनाज मंडी में सरसों की आवक अधिक होने के कारण बीते 6 व 7 अप्रैल को खरीद बंद की गई थी। वीरवार को आदेश जारी किए गए कि आवक अधिक होने के कारण उठान पर ध्यान दिया जाएगा जिसके चलते खरीद नहीं होगी।

### महंत सूरजनाथ को सम्मानित किया

**चरखी दादरी।** शहर की धार्मिक संस्था मां दुर्गा सेवा दल ने बाबा सच्चानाथ की याद में आयोजित किए गए भंडारे के अवसर पर महंत सूरजनाथ को सम्मानित किया। इस अवसर पर मां दुर्गा सेवा दल के प्रधान राजेश नागवान ने बताया कि संस्था की ओर से बाबा सच्चानाथ की याद में स्थानीय बालावाला आश्रम में लगातार सुंदर कांड पाठ का आयोजन किया जा रहा है।

### शिविर में 21 लोगों ने किया रक्तदान

**बवानीखेड़ा।** प्रत्येक व्यक्ति को समाज सेवा में अपना हर संभव सहयोग देना चाहिए। रक्तदान जीवन का सबसे बड़ा पुण्य है, क्योंकि दान के रूप में दी गई रक्त की चन्द बूंदें किसी जरूरतमंद को नया जीवन प्रदान करती हैं। सोमवार को अलखपुरा के डॉ. भीमराव अंबेडकर युवा समिति द्वारा आयोजित साप्ताहिक कार्यक्रम के अंतिम दिन सोमवार को भीमराव अम्बेडकर की 134वी जयंती के रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 21 लोगों ने रक्तदान किया।

## उठान में ढिलाई के कारण सरसों की नहीं हुई खरीद

# बारदाने की कमी को लेकर किसान सभा ने दिया धरना

धरने की अध्यक्षता खंड प्रधान सुबेदार धनपत सिंह ने की तथा संचालन हवासिंह जांगड़ा ने किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहल



**बहल।** मांगों को लेकर बहल मंडी में धरने पर बैठे किसान। फोटो : हरिभूमि

बारदाने की कमी व उठान में ढिलाई के कारण सरसों खरीद की मनाही व भुगतान में देरी के विरोध में अनाज मंडी बहल में किसान सभा ने धरना दिया। अखिल भारतीय किसान सभा बहल के कार्यकर्ताओं द्वारा अनाज मंडी बहल में वारदाना की कमी व उठान में ढिलाई के चलते सरसों की खरीद नहीं होने व भूगतान नहीं होने के विरोध में धरना दिया गया तथा सरकार विरोधी नारे लगाए। धरने की अध्यक्षता खंड प्रधान सुबेदार धनपत सिंह ने की तथा संचालन हवासिंह जांगड़ा ने किया । बलबीर सिंह ठाकन , संयुक्त सचिव, अखिल भारतीय किसान सभा भिवानी ने धरने को संबोधित करते हुए कहा किए भाजपा सरकार की किसान विरोधी नीतियों के चलते मंडियों में सरसों खरीद के लिए ना ही वारदाना है, जिसके कारण सरसों खरीद नही हो पा रही तथा ना ही उठान हो पा रहा है। जिसके कारण किसानों को सरसों मंडियों में पड़ी है । बहल अनाज मंडी में 1.25 लाख किवंटल से अधिक सरसों बिनी बिक्त्री पड़ी है। नैफेड के लिए लगभग 2.00 लाख किवंटल सरसों खरीद का लक्ष्य पूरा हो चुका है परंतु वारदाना की कमी के चलतेए ना भराई हो पा रही है, ना जे. फार्म काटे जा रहे हैं, पिछले 15 दिनों से बिकी सरसों का भुगतान नहीं हो पा रहा है। 8 अप्रैल से व्यवसायिक खरीद के लिय सरसों वेयरहाउस कापार्रेशन द्वारा खरीदी जानी है,परंतु बहुत कम मात्रा में सरसों खरीद रहा है, जिसके कारण 1.25 किवंटल से अधिक सरसों बिना खरीद मंडी में पड़ी है। । उक्त समस्याओं को लेकर किसान सभा बहल के कार्यकर्ताओं द्वारा अनाज मंडी बहल में धरना दिया गया, परंतु ना ही मंडी चैयरमैन उप तहसीलदार बहल तथा ना ही मार्केट कमेटी सचिव की अनाज मंडी में उपस्थिति है, सरसों टोकन काटने बंद किए हुए हैं। प्रशासनिक विभाग के इस लापरवाही पूर्ण व्यवहार के चलते, किसान सभा बहल के कार्यकर्ताओं ने तैय किया कि मंगलवार व बुधवार को गांव . गांव जाकर किसानों को लामबंद कर 18 अप्रैल को अनाज मंडी बहल में धरना दिया जाएगा तथा अगर अधिकारीयों की इसी तरह लापरवाही व अनुपस्थिति बनी रहती है तो किसानों को सड़कों पर बैठने के लिए बाध्य होना पड़ेगा धरने में कविता आर्य पातवान, धर्मपाल नंबरदार कासनी कलां, प्रताप मूंड हरियावास, हवासिंह जांगड़ा, सतबीर ओबरा, महीपाल, रामकुमार, सतबीर बिधनोई, रोहतास फोजी सुरपुरा कलां , इंदराज, रामचंद ढाणी बहल, मीरसिंह सांगवान, रामकुमार सहजमांपुर आदि मौजूद रहे।

# चुनाव की तैयारी में जुट जाएं : चौटाला

■ जजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. अजय चौटाला ने जनसभाओं को किया संबोधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम


**तोशाम।** एकत्रित लोगों को संबोधित करते डॉ. अजय सिंह चौटाला।

आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर जजपा ने कमर कस ली है। इसी कड़ी में आगामी लोकसभा चुनाव के बारे कार्यकर्ताओं में जोश भरने के उद्देश्य से जननायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. अजय सिंह चौटाला ने सोमवार को हल्का तोशाम के गांव दिनोद, कोहाड़, ढाणी माहू, मनसरवास, बुशाण, रोढा, ईशरवाल आदि गांवों का दौरा किया तथा जनसभाओं को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने जजपा के भिवानी.महेन्द्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी राव बहादुर सिंह के पक्ष में मतदान करने की भी अपील की। जनसभाओं को संबोधित करते हुए जजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे चुनावों की जोर.शोर से तैयारी करें तथा प्रदेश में पूर्ण बहुमत से जजपा की सरकार बनाने के लिए काम करें, ताकि अबकी बार बची.कुची कसर को पूरा किया जा सके। डॉ. अजय चौटाला ने कहा कि कार्यकर्ता लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाएं। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता गांव.गांव जाकरके प्रत्येक व्यक्ति से मिले और पार्टी के लिए समर्थन मांगे। इस मौके पर ज़िला प्रधान जोगेंद्र बागनवाला ने कहा कि जजपा जनहितैषी पार्टी है, जिसका उद्देश्य सिर्फ आमजन की सेवा कर राजनीतिक का सही मतलब सार्थक करना है।

# सरकार फसल खरीद व उठान में नाकाम, मंडियों में सड़ने की कगार पर हजारों क्विंटल अनाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी



कांग्रेस की वरिष्ठ नेता डॉ मनीषा सांगवान ने कहा कि मौजूदा रबी सीजन के दौरान किसानों को फसल खरीद के शुरूआत से ही परेशानियां झेलनी पड़ती है। खरीद के शुरूआती दिनों में जहां किसानों को लंबी लाइनों में लगना पड़ा व मंडी में पीने के लिए पानी तक नसीब नहीं हुआ। वहीं बाद में उठान नहीं होने के कारण बार.बार फसल खरीद प्रभावित होने से किसानों को समस्या उठानी पड़ी। इन सब के बीच खराब मौसम होने के बावजूद सरकार व प्रशासन द्वारा कोई सुध नहीं ली गई। जिससे हजारों क्विंटल अनाज बारिश में पूरी तरह से भीगकर सड़ने की कगार पर पहुंच चुका है जिससे किसानों व आढ़तियों को नुकसान उठान पड़ेगा। सांगवान ने कहा कि लगातार मौसम विभाग द्वारा बारिश की संभावना जताई गई थी। वहीं उनके द्वारा भी बारिश से दो दिन पहले प्रेस के माध्यम से प्रशासन का ध्यान इस तरफ दिलाया था। इसके बावजूद कोई असर देखने को नहीं मिला। ना ही अनाज मंडी से खरीदे गए अनाज का उठान करवाया गया और ना ही मंडी में खुले में पड़े गेहूंए सरसों को ढकने के लिए तिरपाल आदि के पर्याप्त प्रबंध किए गए। सरकार व प्रशासन की अनदेखी के कारण शनिवार को हुई बारिश में अनाज की ढेरियों के समीप पानी भर गया और अनाज पूरी तरह से भीग गया। अनाज भीगने के बाद भी उसे सुखाया नहीं गया है जिससे वह सड़ने की कगार पर पहुंच गया है। सांगवान ने कहा कि सरकार व प्रशासन की इस अनदेखी के कारण आढ़तियों व किसानों पर आर्थिक मार पड़ी है। उन्होंने कहा कि अनाज को भीगने से बचाने में नाकाम रहे संबंधित लोगों पर उचित कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में इस प्रकार की लापरवाही देखने को ना मिले और किसानों की छह माह की कष्ट कमाई पर इस प्रकार से पानी ना फिरे।


**भिवानी।** आयोजित बैठक में उपस्थित महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

### महिला मोर्चा की बैठक आयोजित

**भिवानी।** भाजपा जिला कार्यालय में महिला मोर्चा की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष चंदा गुप्ता ने की। इस बैठक में विशेष रूप से महिला मोर्चा की प्रदेश महामंत्री गायत्री देवी व भिवानी जिला प्रभारी राजरानी सांगवान मौजूद रही। बैठक को संबोधित करते हुए महिला मोर्चा की प्रदेश महामंत्री गायत्री देवी ने कहा कि भाजपा की सरकार ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हर वर्ग के कल्याण के लिए कार्य किया है। खासतौर पर महिलाओं के हितों को ध्यान में रखते हुए अनेक कार्य किए हैं। महिलाओं के लिए उज्जवला योजना लागू की,जिसमें लाखों महिलाओं को गैस कनेक्शन निःशुल्क दिए गए। इसके अलावा महिलाओं को सुरक्षा का माहौल दिया गया।

# दक्षिण काली नवदुर्गा मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह

■ जीवन शक्ति की स्थापना करना ही प्राण प्रतिष्ठा का शाब्दिक अर्थ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



कोंट रोड़ मिनी बाईपास काली देवी मंदिर रोड़ पर स्थित दक्षिण काली नवदुर्गा मंदिर में सोमवार को प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन किया गया। प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अंतर्राष्ट्रीय श्रीमहंत जूना अखाड़ा डा. अशोक गिरी के सानिन्ध्य में शुभ मुहूर्त में संपन्न हुआ।

काशी से पधारे अंतर्राष्ट्रीय श्रीमहंत जूना अखाड़ा डा. अशोक गिरी के शिष्य आचार्य वेद विभूषित वैदिक विशाल पाठक, आचार्य दीपक पाठक, आचार्य आनंद पांडेय कांशी ने प्राण प्रतिष्ठा समारोह को संपन्न करवाया। समारोह के दौरान महाकाली, गोरखनाथ, शेरावाली, सिद्धबाबा शंकर गिरी , शिव पार्वती, बजरंगबली, भैरव बाबा, दत्तात्रेय, शिव परिवार, सिंदूरी हनुमान, राधाकृष्ण की मूर्तियां स्थापित शिवलिंग की गई। इस दौरान डॉ. अशोक गिरी ने स्वंय पूजन.अर्चन किया। प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दौरान भगवान की प्रतिमओ का श्रृंगार किया गया, जिसके उपरांत शाम से दिव्य दर्शन प्रारंभ हुए। प्राण प्रतिष्ठा का महत्व बताते हुए अंतर्राष्ट्रीय श्रीमहंत डा. अशोक गिरी ने कहा कि सनातन संस्कृति में प्राण प्रतिष्ठा एक महत्वपूर्ण अनुष्ठान है, जिसके जरिए मंदिर में देवी.देवताओं की मूर्ति को प्रतिष्ठित किया जाता है। यह कार्य अनुष्ठान के जरिए होता है तथा इसमें मंत्रों के पाठ के बीच मूर्ति को पहली बार स्थापित किया जाता है। उन्होंने कहा कि प्राण शब्द का अर्थ है जीवन शक्ति और प्रतिष्ठा का अर्थ है स्थापना। प्राण प्रतिष्ठा का शाब्दिक अर्थ है, जीवन शक्ति की स्थापना करना या देवता को जीवन में लाना। श्रीमहंत ने कहा कि सनातन धर्म में प्राण प्रतिष्ठा से पहले किसी भी मूर्ति को पूजा के योग्य नहीं मानी जाती है, बल्कि निर्जीव मूर्ति मानते है।

### जिले की मंडियों को मिले चार अतिरिक्त गोदाम

**चरखी दादरी।** मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद ने उपायुक्त मनदीप कौर के अनुरोध पर जिला की सरसों के स्टॉक के लिए चार अन्य स्थानों के गोदामों को निर्धारित करवा दिया है। मुख्य सचिव द्वारा फसल खरीद प्रक्त्रिया की समीक्षा के लिए उपायुक्तों के साथ आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेसिंग में इसको लेकर गहनता के साथ चर्चा हुई। उपायुक्त ने जानकारी देते हुए बताया कि वीडियो कांफ्रेंस के दौरान उन्होंने मुख्य सचिव को दादरी जिला की मंडियों में फसल खरीद के बाद उठान में आ रही दिक्कतों से अवगत करवाया और बताया कि दादरी में सरसों की आवक अधिक है लेकिन मंडी से लोड होकर गोदामों में भेजी जा रही है।

# अखिल भारतीय किसान सभा के सदस्यों ने तहसील कार्यालय पहुंचकर कानूनगो को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा


**बवानीखेड़ा।** ज्ञापन सौंपते हुए अखिल भारतीय किसान सभा के सदस्य।

बवानी खेड़ा अनाज मंडी में सरसों की खरीद न होने व उठान पर ब्रेक लगने को लेकर अखिल भारतीय किसान सभा प्रधान रामअवतार भाकर, वेदप्रकाश गोयत, राजेश कुंगड़, अनूप शर्मा, पहलाद यादव, जयवीर सुबेदार, शंकर शर्मा, रणधीर, लीलूराम आदि ने तहसील कार्यालय में पहुंचकर नायब तहसीलदार की अनुपसिथति में कानूनगो को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में बताया कि बवानी खेड़ा अनाज मंडी में सरसों की खरीद पर ब्रेक लगा हुआ है और उठान नहीं हो रहा। फसल की ट्रालियों को उतरवाया नहीं जा रहा है और मौसक खराब होने के कारण सिकानों व आढ़तियों की सांसे अटकी हुइ है। मंडियों में त्रिपाल की व्यवस्था न होने से फसल भीगने का अंदेशा बना हुआ है। वहीं अनाज मंडी में न कैंटिन है और ना ही भोजन की व्यवस्था है जिससे किसानों की फसल का उठान नहीं हो रहा और भूखे पेट रहना पड़ रहा है। जिससे लेबर सहित ट्रांसपोर्ट का चार्ज दोगुना हो रहा है। वहीं प्रदेश सरकार द्वारा 72 घंटों में फसल का पैसा दिए जाने की बात की जा रही है लेकिन 10 दिनों के बीत जाने पश्चात भी किसानों को रुपया नहीं मिला है। इसी के चलते अखिल भारतीय किसान सभा ने ज्ञापन सौंपा।

# वोट डालकर निभाएं देश के प्रति कर्तव्यः उपायुक्त

■ उम्मीदवार पसंद ना हों तो नोटा पर डाले वोट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी


**चरखी दादरी।** समस्या सुनते उपायुक्त मनदीप कौर। फोटो : हरिभूमि

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त मनदीप कौर ने जिला के सभी मतदाताओं से आगामी 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में बढ़ बढ़ चढ़कर वोट डालने की अपील की है। उन्होंने कहा है कि लोकतंत्र में प्रत्येक वोट समान रूप से कीमती होता है।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि एक जागरूक मतदाता के तौर पर अपना कर्तव्य निभाते हुए सभी मतदाता वोट जरूर डाले। बिना की भेदभाव व डर के अपने क्षेत्र की खुशहाली के लिए उम्मीदवार चुनें। वोट के मामले में किसी के बहकावे में ना आएं और ना ही किसी प्रकार का उपहार या नकद लें। आयोग के नियमों के अनुसार वोट के लिए रिश्वत देने और लेने वाले दोनों ही समान रूप से गुनहगार हैं। उन्होंने कहा कि अपनी मर्जी और पसंद के उम्मीदवार को वोट दें। कई बार मतदाता सोचना है कि चुनाव लड़ रहे सभी उम्मीदवार उसकी पसंद के नहीं हैं तो वोट डालने की जरूरत ही नहीं हैं। ऐसे में निर्वाचन आयोग ने नोटा का बटन दिया हुआ हैए जिस पर वोट डालने से संबंधित मतदाता का वोट तो डल जाता हैए लेकिन वह वोट चुनाव लड़ रहे किसी उम्मीदवार के खाते में नहीं जाता। ऐसे प्रत्येक मतदाता देश के प्रति अपने कर्तव्य का पालन कर सकता है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जिला में अभी तक जिला में कुल मतदाताओं की संख्या 4 लाख 2 हजार 123 हैए जिनमें से 2 लाख 12 हजार 356 पुरुष और 1 लाख 89 हजार 766 महिलाएं हैं। जिला में 217 मतदाता 100 वर्ष से अधिक आयु के हैं और 2436 दिव्यांग मतदाता हैं। दोनों विधानसभा क्षेत्रों में 18 से 19 वर्ष की आयु के 8580 मतदाता हैं और जिला में सर्विस मतदाताओं की संख्या 8179 है। उन्होंने बताया कि 26 अप्रैल तक नए वोट बनवाने के लिए ऑनलाइन व ऑफलाइन आवेदन किए जा सकते हैं। इसके लिए कोई भी नागरिक वोटर हेल्पलाइन एप का प्रयोग कर सकते हैं।

# डॉ. भीमराव अम्बेडकर को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी


**भिवानी।** कस्बे में शोभायात्रा निकालते हुए। फोटो : हरिभूमि

■ कस्बे में निकाली शोभायात्रा, अम्बेडकर की शिक्षाओं से प्रेरणा लेकर चलने वाले को नहीं मिलती असफलता

बवानीखेड़ा कस्बे में सविधान रचयिता डॉ. बीआर अम्बेडकर की जयंती पर ढोल नंगाड़ों के साथ शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा के दौरान सामाजिक संगठनों के सदस्यों ने लोगों को अम्बेडकर के जीवन से शिक्षा लेकर चलने का आहवान किया। वक्ताओं का तर्क था कि जो व्यक्ति उनके जीवन से शिक्षा व प्रेरणा लेकर आगे बढ़ेगा। उस व्यक्ति को जीवन में कभी भी असफलता का मुख नहीं देखना पड़ेगा। पूरे कस्बे के हर चौक व चौराहों से शोभायात्रा गुजरी।

डॉण बीआर अम्बेडकर शिक्षा समिति,संत शिरोमणि गुरु रविदास, हरियाणा जागृति मोर्चा,वाल्मीकि सेवा समिति, साहसी समाज के अलावा के अनेक सामाजिक संगठनों के सदस्यों की अगुवाई में हांसी चुंगी से शोभायात्रा शुरू हुई। इस दौरान लोगों ने शोभायात्रा की खुशी में एक दूसरे का मुंह मीठा करवाया। शोभायात्रा वहां से चलकर कस्बे के विभिन्न मार्गोंर् से गुजरी। इस दौरान वक्ताओं ने लोगों को बताया कि आर्थिक रूप से पिछड़े लोगों को आगे लाना की योजनाएं भी इन्हीं की देन है। इन्हीं की बदौलत वे आज इस मुकाम तक पहुंचे है।

इस दौरान किसी अप्रिय घटना से बचने के लिए कस्बे में पुलिस का पुख्ता इंतजाम रहा। जितने समय तक शोभायात्रा निकली। उतने समय तक पुलिस की चौकसी जबरदस्त देखने को मिली।

## संविधान स्वतंत्र भारत का नागरिक होने का कराता एहसास : सर्राफ

# संविधान की बदौलत ही मतदान का अधिकार मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



■ बाबा साहेब के स्वप्र को पूरा करने के लिए शिक्षा को देना होगा बढ़ावा : विजेंद्र बडग़ुज्जर

**भिवानी।** आयोजित कार्यक्रम में मुख्यअतिथि को सम्मानित करते हुए।

हरियाणा अनुसूचित जाति आयोग के चेयरमैन रविंद्र बलियाला ने कहा कि भारत देश वीर एवं महापुरूषों की भूमि रही है। जिन्होंने देश की तरक्की एवं उत्थान की दिशा में कार्य करते हुए अपना पूरा जीवन लगा दिया। इन्ही महापुरूषों में एक संविधान निर्माता बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर थे, जिन्होंने स्वतंत्रता संग्राम के साथ.साथ देश को हर क्षेत्र में ऊंचे पायदान पर पहुंचाने के लिए अभूतपूर्व कार्य किए। बाबा साहेब द्वारा लिखे गए संविधान की बदौलत ही आज देश के प्रत्येक नागरिक को मतदान का अधिकार प्राप्त है। वे स्थानीय सराय चौपटा स्थित खटीक धर्मशाला में बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर की जयंती समारोह को बतौर मुख्यअतिथि संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर पूर्व मंत्री एवं विधायक घनश्याम सर्राफ भी मुख्यअतिथि के तौर पर पहुंचे। समारोह की अध्यक्षता हरियाणा अनुसूचित जाति आयोग के वाइस चेयरमैन विजेंद्र बडग़ुज्जर ने की। कार्यक्त्रम में पहुंचने पर दोनों अतिथिगणों का खटीकान प्रगतिशील ट्रस्ट के पदाधिकारियों द्वारा फ़ुल.मालाए पगड़ी एवं शाल भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर समाज की प्रतिभाओं को उत्कृष्ट कायार् के लिए सम्मानित भी किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए विधायक घनश्याम सर्राफ ने कहा कि बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर प्रत्येक व्यक्ति को समान रूप से अधिकार दिलाना चाहते है। इसीलिए उन्होंने ऐसा संविधान लिखा जो प्रत्येक व्यक्ति को ना सिर्फ स्वतंत्र भारत का नागरिक होने का एहसास कराता है, बल्कि नागरिक के तौर पर अपनी जिम्मेदारियों की भी याद दिलाता है। इस मौके पर हरियाणा अनुसूचित जाति आयोग के वाईस चेयरमैन विजेंद्र बडग़ुज्जर ने कहा कि बाबा साहेब का मानना था कि शिक्षित बनकर ही देश को आगे बढ़ाया जा सकता है। इसीलिए उन्होंने शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए अनेक कार्य किए। साथ ही संविधान में ऐसा प्रावधान कियाए जिसके तहत आज देश के प्रत्येक बच्चे को शिक्षा का अधिकार प्राप्त है। उन्होंने कहा कि हमें बाबा साहेब के स्वप्र को पूरा करने के लिए शिक्षित बनने पर जोर देना होगा।

## खबर संक्षेप

### दिव्यांग मतदाताओं की सुविधा के लिए एप शुरू

**चरखी दादरी।** चुनाव के दौरान दिव्यांगजनों की सुविधा के लिए निर्वाचन आयोग की ओर से सक्षम नामक एप शुरू किया गया है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सभी वर्गों् की चुनाव में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए यह महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। ताकि दिव्यांगजनों के लिए मताधिकार के प्रयोग को सहज एवं सुविधाजनक बनाया जा सके।

### पीएनबी ने स्थापना दिवस पर लगाए पौधे

**बाढ़ड़ा।** पंजाब नेशनल बैंक के 130 वें स्थापना दिवस पर अग्रीम जिला प्रबंधक चरखी दादरी पीएनबी शाखा बेरला के साथ मिलकर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बेरला के प्रांगण में फलदार पौधे लगाए। इस अवसर चरखी दादरी के अग्रीम जिला प्रबंधक राजवर्धन प्रसाद बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे। उन्होंने कहा कि पेड़ पौधे हमारे जीवन का आधार हैं। फलदार पौधे हमें आकर्षण और परोपकार का नया संदेश देते हैं।

### दुर्गा मंदिरों में पहुंचकर भक्तों ने मांगी मन्नतें

**भिवानी।** सोमवार को सप्तमी अवसर पर शहर व आसपास के इलाकों में स्थित दुर्गा मंदिरों में श्रद्धालुओं की जबरदस्त भीड़ रही। अल सुबह से ही श्रद्धालुओं ने मंदिरों में पहुंचकर दुर्गा देवी की पूजा अर्चना की। किसी ने पैदल यात्रा करके तो कोई पेट पलनियां जाकर माता के दरबार में मत्था टेका। इस दौरान श्रद्धालुओं ने प्रसाद वितरित किया। सुबह से लेकर शाम तक गांव देवसर स्थित दुर्गा मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ जमा रही। क्योंकि इस दिन उक्त मंदिर में आसपास गांवों के लोग भी पूजा अर्चना के लिए पहुंचते है।

### युवाओं को किया मतदान करने के प्रति जागरूक

**भिवानी।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नरेश नरवाल के निर्देशानुसार जिला रेडक्रॉस सोयायटी कार्यालय परिसर में स्वीप अभियान के तहत रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर के दौरान युवाओं को लोकसभा चुनाव में अपने मत का प्रयोग करने के प्रति जागरूक किया गया। रक्तदान शिविर का शुभारंभ सचिव रेडक्रॉस प्रदीप कुमार ने किया। चुनाव में अधिक से अधिक मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

विभाग की अपील, नागरिक पेयजल को व्यर्थ न बहाएं

# जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग ने खुला दरबार लगाकर सुनीं शिकायतें

नागरिकों के समक्ष पेयजल और सीवरेज की समस्याएं नहीं बनने दी जाएंगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों ने सोमवार को वार्ड पांच के लिए विकास नगर के मेन पार्क में तथा दोपहर बाद वार्ड छह के लिए नया बाजार में खुला दरबार लगाया। विभाग के अधिकारियों ने नागरिकों की पेयजल और सीवरेज से संबंधित समस्याएं सुनी और नागरिकों की समस्याओं का मौके पर समाधान किया गया।

अधिकारियों ने कहा कि नागरिकों को पर्याप्त मात्रा में पेयजल मिलेगा। उन्होंने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि नागरिक गर्मी के मौसम के चलते पेयजल को व्यर्थ न बहाएं। कहीं पर भी पेयजल की लाईन लीकेज है तो उसे तुरंत दुरूस्त किया जाएगा। इस दौरान नागरिकों ने अधिकारियों को मौके पर ले जाकर सीवरेज से संबंधित समस्याओं को दिखाया।



भिवानी। निरीक्षण करते नप चेयरपर्सन प्रतिनिधि व अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

उल्लेखनीय है कि गर्मी के मौसम के चलते डीसी श्री नरवाल द्वारा जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि शहर में नागरिकों के समक्ष पेयजल की समस्या नहीं बननी चाहिए। इसके साथ ही जहां भी सीवरेज जाम होने की समस्या आती है तो उसको तुरंत प्रभाव से दुरुस्त किया जाए। डीसी नरवाल के निर्देशानुसार जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों ने सोमवार को वार्ड पांच के लिए विकास नगर के मेन पार्क में तथा दोपहर बाद वार्ड छह के लिए नया बाजार में खुला दरबार लगाया। इस दौरान अधिकारियों ने नागरिकों की पेयजल आपूर्ति व सीवरेज लाइन ब्लॉक होने की शिकायतें सुनी। कुछ लोगों ने पर्याप्त मात्रा में पेयजल आपूर्ति नहीं होने की समस्याएं रखी। अधिकारियों नो नागरिकों को आश्वस्त किया कि उनको पर्याप्त मात्रा में पेयजल मिलेगा। जहां भी पेयजल की लाईन लीकेज है, उसको जल्द से जल्द ठीक करवाया जाएगा।

### पानी को व्यर्थ न बहाएं

समस्याएं सुनने के दौरान कार्यकारी अभियंता सुनील रंगा व अन्य अधिकारियों ने नागरिकों से आहन किया कि पानी की एक.एक बूंद कीमती है। पेयजल से गाड़ी या कोई भी वाहन न धोएं और न ही पीने के पानी से पशुओं को नहलाएं। उन्होंने कहा कि पानी की कीमत को समझें। गर्मी के मौसम में पेयजल की खपत बढ जाती है। विभाग को हरसंभव प्रयास है कि नागरिकों को समक्ष पेयजल की समस्या न बनें। इसी के चलते डीसी श्री नरवाल के निर्देशानुसार खुले दरबारों को आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नागरिक विभाग द्वारा जारी किए गए अधिकारियों व कर्मचारियों के मोण नंबरों पर भी पेयजल आपूर्ति से संबंधित समस्याएं बता सकते हैं। इस दौरान एसडीओ सूर्यप्रकाश जैन और सतीश कुमार, जेई संजय जैन, उमेद सिंह व महेंद्र स्वामी ने नागरिकों की समस्याएं सुनी। इस दौरान नगर परिषद चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप,संबंधित वाडों के पार्षद व गणमान्य नागरिक भी मौजूद रहे।

### नागरिकों की सुविधा के लिए पेयजल

समस्याएं सुनने के दौरान अधिकारियों ने नागरिकों से कहा कि डीसी नरवाल के निर्देशानुसार जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा अधिकारियों के नंबर जारी किए गए हैं। यदि पेयजल आपूर्ति या सीवरेज से संबंधित कोई समस्या आती है तो नागरिक अपनी शिकायत कर सकते हैं। वार्ड स्तर पर जेई की ड्यूटी लगाई गई है। इनके अलावा नागरिक विभाग के कार्यकारी अभियंता सूर्यकांत के मोबाइल नंबर 9468191180 पर और एसडीओ सतीश कुमार के मोबाइल नंबर 9813227296 पर संपर्क कर सकते हैं। कार्यकारी अभियंता सुनील रंगा ने बताया कि शहर के वार्ड नंबर एक से तीन व पांच से सात तक पेयजल आपूर्ति के लिए जेई ताजदीन के मोबाइल नंबर 9306071091 पर संपर्क कर सकते हैं। इन वाडोंर् में स्थानीय महम रोड़ विद्या नगर स्थित पुराना जलघर से पेयजल सप्लाई की जाती है। वार्ड नंबर 13 से 18ए 20ए 21 व 23 से 27 तक पेयजल आपूर्ति के लिए जेई दीपक के मोबाइल नंबर 8053779701 पर संपर्क कर सकते हैं। इन वाडोंर् में स्थानीय तोशाम बाईपास स्थित द्वितीय जलघर से पेयजल सप्लाई की जाती है। वार्ड नंबर 24 व 28 से 31 तक पेयजल आपूर्ति के लिए जेई कुनाल श्योराण के मोबाइल नंबर 8527664550 पर संपर्क कर सकते हैं और इन वाडोंर् में स्थानीय तोशाम बाईपास स्थित द्वितीय जलघर से पेयजल सप्लाई की जाती है। वार्ड नंबर चारए 8 से 12 व 19 के लिए पेयजल आपूर्ति के लिए जेई उमेद के मोबाइल नंबर 8607421021 पर संपर्क कर सकते हैं और इन वाडोंर् में स्थानीय रोहतक रोड़ स्थित तृतीय जलघर से पेयजल सप्लाई की जाती है।



### मतदान करके अपने अधिकारों को पहचानें : भाकर

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा के राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय प्राचार्या संतोष भाकर ने विद्यालय में विद्यार्थियों को लोकसभा चुनावों में चुनाव की महता के बारे में बताया कि हमें अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए ताकि हम सरकार में अपनी अहम भूमिका अदा कर सकें। वहीं प्रवक्ता राजेन्द्र गौरी ने बताया कि समय समय पर जागरूकता रैली निकालकर जागरूक करने का कार्य किया जाता है इसलिए हमें लोकसभा चुनावों में भी अपने मत का प्रयोग करना है।

## वोटर इन क्यू एप से पता चलेगी मतदान केंद्र पर लाइन की जानकारी

- 56 दादरी विधानसभा के लिए मिलेगी सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

निर्वाचन आयोग द्वारा जारी की गई वोटर इनक्यू एप के माध्यम से चुनाव के दिन मतदान केन्द्रों पर लगने वाली भीड़ की जानकारी ली जा सकेगी। एप पर जानकारी लेकर मतदाता अपनी सुविधा के अनुसार वोट डालने जा सकेंगे। ऐसे में इस एप से मतदान प्रतिशत बढ़ाने में भी मदद मिलगी। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त मनदीप कौर ने बताया कि निर्वाचन आयोग लोकसभा चुनाव के दौरान मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए अहम कदम उठा रहा है।

आगामी 25 मई को होने वाले चुनाव के लिए आयोग की ओर से महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए वोटर इन क्यू नामक एप संचालित की गई है। इससे मतदाता चुनाव के दिन मतदान केंद्रों पर लगने वाली भीड़ को लाइव देख सकते है। जिससे मतदाता अपनी सुविधा अनुसार मतदान करने के लिए केंद्र पर जा सकते है। कई बार मतदाता भीड को देखकर बगैर वोट डाले ही वापिस चले जाते हैए इस एप के माध्यम से मतदान केंद्रों की जानकारी मिल सकेगी। उन्होंने बताया कि फिलहाल इस वोटर्स एप का इस्तेमाल हरियाणा के करीब 30 विधानसभा क्षेत्रों में ही किया जा सकता है। जिनमें दादरी विधानसभा का भी नाम है। इस मोबाइल एप को भारत निर्वाचन आयोग ने भी प्रयोग के तौर पर अपनी स्वीकृति प्रदान कर दी है। मोबाइल एप पर मतदाता अपने एरिया का नामए पोलिंग बूथ का नामए वोटर का नाम आदि फीड करेगा तो उसे एक ओटीपी मिलेगाए जिसका प्रयोग कर वह बूथ पर सीधे बीएलओ से जुड़ सकता है।

## स्वामी विवेकानंद छात्रावास का भव्य शुभारंभ, सेवा भारती करेगी संचालन

**भिवानी।** डोभी तालाब के नजदीक गीता भवन के पास स्थित सेवा भारती हरियाणा प्रदेश द्वारा संचालित व वैश्य महाविद्यालय ट्रस्ट द्वारा प्रदत्त शिवलाल सर्राफ स्मृति भवन में स्वामी विवेकानंद आवासीय परिसर का भव्य शुभारंभ हवन.यज्ञ व सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि वित्त मंत्री जेपी दलाल थे। कार्यक्त्रम की अध्यक्षता धर्मेश शाह ने की। कार्यक्त्रम में विशिष्ठ अतिथि विधायक घनश्याम सर्राफ व उद्योगपति दीपक लच्छीराम थे।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ उत्तर सेवा प्रमुख कृष्ण कुमार रहे। कार्यक्त्रम में समाजसेवी पवन कुमार अग्रवाल ने सभी का स्वागत किया। कार्यक्त्रम के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए प्रकल्प प्रमुख प्रवीण गर्ग व सचिव विजय कुमार टूटेजा ने बताया कि सेवा भारती सदैव सेवा के लिए शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करती रही है। इसी के तहत करनाल में प्रदेश स्तरीय बच्चों की परीक्षा का आयोजन किया गया, जिसमें




अनुसूचित जाति व ईडब्लयूएस वर्ग के 350 बच्चों ने भाग लिया। जिसमें से 21 बच्चों का चयन स्वामी विवेकानंद छात्रावास भिवानी के लिए किया गया। सेवा भारती इन 21 बच्चों को यहां छात्रावास में रखकर भिवानी के अच्छे से अच्छे स्कूल में शिक्षा ग्रहण करवाएगी। उनका रहना, शिक्षा व भोजन इत्यादि से संबंधित सभी खर्चे निःशुल्क होंगे।

## फ्लाइंग स्कवेयड टीमें गंभीरता से काम करें

- एडीसी ने बवानीखड़ा विधानसभा क्षेत्र में लगाई गई फ्लाइंग स्कवेयड टीमों को दिए जरूरी निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

एडीसी एवं बवानीखेड़ा विधानसभा क्षेत्र के सहायक निर्वाचन अधिकारी हर्षित कुमार की अध्यक्षता में स्थानीय लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए हॉल में बवानीखेड़ा विधानसभा क्षेत्र की फ्लाइंग स्वायड टीम यानि एफएसटी की समीक्षा बैठक व कार्यशाला आयोजित हुई।

बैठक में लोकसभा चुनाव के दौरान चुनावी गतिविधियों की प्रभावी मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के लिए गठित फ्लाइंग स्कवेयड टीम को जरूरी दिशा.निर्देश जारी किए।



भिवानी। अधिकारियों को दिशा .निर्देश देते हुए। फोटो : हरिभूमि

समीक्षा बैठक के दौरान निर्देश देते हुए एडीसी ने कहा कि लोकसभा चुनाव को निष्पक्षए शांतिपूर्वक एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न करने को लेकर विभिन्न टीमों का गठन किया गया है। उन्होंने बताया कि बवानीखेड़ा विधानसभा में 229 बूथों पर पांच फ्लाइंग स्कवेयड टीमें काम कर रही हैं। सभी टीमों को निगरानी के लिए अलग.अलग बूथ क्षेत्र दिया गया है।

उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के सख्त निर्देश हैं कि लोकसभा चुनाव के दौरान कहीं पर भी आदर्श चुनाव आचार संहिता की उल्लंघना न हो। उन्होंने कहा कि आदर्श चुनाव आचार संहिता की पालना करवाने में फ्लाइंग स्कवेयड टीमों की बहुत महत्वपूर्ण जिम्मेदारी होती है। यदि कहीं पर आदर्श चुनाव आचार संहिता की उल्लंघना होती है तो उस पर नियमानुसार तुरंत कार्रवाई करें।

इसके साथ ही नागरिकों को समझाएं कि वे चुनाव को पारदर्शी ढंग से संपन्न करवाने में प्रशासन का सहयोग करें। इस दौरान चुनावी गतिविधियों की मॉनिटरिंग से जुड़ी मोबाइल एप के संचालन को लेकर भी टीमों को पीपीटी के माध्यम से विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। सीविजिल एप के बारे में जानकारी देते हुए एडीसी ने कहा कि इस एप पर कोई भी नागरिक आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत दर्ज कर सकता है।



### प्रिया एनडीए क्वालीफाई कर बनीं लेफ्टिनेंट

**लोहारू।** चौ. बंसीलाल कालेज की एनसीसी कैडेट प्रिया सांगवान ने हाल ही में एनडीए परीक्षा पास करके लेफ्टीनेंट बनने का गौरव हासिल किया है। छात्रा प्रिया सांगवान की इस सफलता पर कालेज प्राचार्य डॉ. मुकेश चहल और स्टाफ सदस्य काफी हर्षित हैं तथा स्टाफ सदस्यों ने सोमवार को छात्रा का कालेज अभिनंदन कर बधाई दी। बता दें कि प्रिया सांगवान दादरी जिले के छपार गांव की रहने वाली हैं और पिछले लगभग एक वर्ष से कालेज में शिक्षा ग्रहण कर रही थी। प्राचार्य डॉ मुकेश चहलए प्रो. सुखबीर सिंह एनसीसी इंचार्ज रमेश कुमार ने छात्रा को बधाई देते हुए बताया कि प्रिया सांगवान लोहारू कालेज में बीएससी प्रथम की में पढने के साथ साथ एनसीसी कैडेट भी थी। प्रिया पढ़ाई में होनहार होने के साथ साथ एनसीसी के प्रति प्रति भी पूर्णतया समर्पित रही हैं। प्रिया सांगवान ने एनडीए की परीक्षा पास करके और लेफ्टिनेंट बनने का गौरव हासिल करके कालेज के साथ साथ इलाके का भी गौरव बढ़ाया है। प्रिया सांगवान की इस सफलता से इलाके की बेटियों के साथ साथ प्रत्येक युवा को आगे बढने की प्रेरणा मिलेगी। प्रिया सांगवान ने कहा कि नियमित कड़ी मेहनत और अनुशासन को जीवन में जीवन में अपनाकर मनुष्य कठिन से कठिन मुकाम भी हासिल कर सकता है।

## बेहतर रिसर्च की जिज्ञासा पालें विद्यार्थी : कुलपति

- भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति विश्व में सर्वश्रेष्ठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

चौधरी बंसी लाल विश्वविद्यालय के फिजिक्स विभाग एवं आईपीआर सेल के सौजन्य से एक दिवसीय नेशनल सेमिनार का आयोजन विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो दीप्ति धर्माणी के कुशल नेतृत्व एवं कुलसचिव डॉ. ऋतु सिंह के कुशल मार्गदर्शन में किया गया। नेशनल सेमिनार में बतौर मुख्य अतिथि आईसीएसआर सिरी पिलानी के डायरेक्टर प्रो. पीसी पंचारिया बतौर विशिष्ट अतिथि सुप्रसिद्ध वैज्ञानिक डॉ. ठाकुर सुदेश कुमार रौनिजा और वैज्ञानिक डॉ राहुल तनेजा ने शिरकत की। सेमिनार में संबोधित




भिवानी। मुख्यातिथ को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

करते हुए कुलपति प्रो. दीप्ति धर्माणी ने कहा कि विद्यार्थियों को वैज्ञानिक दृष्टिकोण के साथ बेहतर रिसर्च की जिज्ञासा पालनी चाहिए।उन्होंने कहा कि हमारे बीच में विभिन्न क्षेत्रों के सुप्रसिद्ध वैज्ञानिक पधारें हैं जिनका विद्यार्थियों को मार्गदर्शन प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी अपने अंदर की प्रतिभा एवं जिज्ञासा को कभी मरने नहीं दें। उन्होंने कवि और लेखक का उदाहरण देते हुए विद्यार्थियों को अपने अंदर वैज्ञानिक दृष्टिकोण पैदा करने का आह्वान किया। प्रो पीसी पंचारिया ने कहा कि भारत की सभ्यता एवं संस्कृति विश्व में सर्वश्रेष्ठ है और हमें अपनी संस्कृतिएसभ्यता और अपने इतिहास पर गर्व महसूस करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हरियाणा प्रांत हमारी प्राचीन संस्कृति और सभ्यता का जीवंत उदाहरण है।उन्होंने डेयरी उद्योग में आधुनिक टेक्नोलॉजी पर विस्तृत जानकारी दी। कुलसचिव डॉ. ऋतु सिंह ने रामायण, महाभारत काल के समय के भी वैज्ञानिक दृष्टिकोण और बौद्धिक संपदा अधिकार का उदाहरण प्रस्तुत किया। सेमिनार के तकनीकी सत्रों में वैज्ञानिक डॉ ठाकुर सुदेश कुमार रौनिजा और डॉ. राहुल तनेजा ने विद्यार्थियों को आईपीआर और आधुनिक टेक्नोलॉजी पर विस्तृत विचार रखे। सेमिनार के कन्वीनर भौतिक विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. विपिन कुमार जैन ने सभी अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए कार्यक्रम का विवरण प्रस्तुत किया। मंच का संचालन डॉ. आशा पुनिया एवं डॉ सोनिया ग्रोवर ने किया।

## प्रशिक्षण उपरांत 35 महिलाओं और युवतियों को वितरित किए प्रमाण पत्र

- महिलाओं के आत्मनिर्भर बने बगैर समाज की तरक्की असंभव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

युवतियों व महिलाओं को स्वरोजगार से जोडक़र उन्हे आत्मनिर्भर बनानेक के उद्देश्य से जामपुर सेवा समिति द्वारा स्थानीय मालगोदाम रोड़ पर श्रीमती वास देवी गंगाराम बजाज धर्मार्थ महिला सिलाई प्रशिक्षण केंद्र संचालित किया जा रहा है।

प्रशिक्षण केंद्र में महिलाएं व युवतियां स्वरोजगार से जुडक़र आत्मनिर्भर बन रही है तथा अपने परिवार का आर्थिक बोझ उठाने में सक्षम हो रही है। इसी कड़ी में केंद्र में प्रशिक्षण प्राप्त 35 महिलाओं एवं युवतियों को प्रमाण पत्र प्रशिक्षण उपरांत वितरित किए। कार्यक्रम में सान्निध्य स्वामी कृष्णानंद सरस्वती एवं बालयोगिनी साध्वी मुक्तानंद का रहा, जिन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त महिलाओं व युवतियों को प्रमाण पत्र वितरित किए। इस मौके पर जामपुर सेवा समिति के प्रधान गोपाल कृष्ण पोपली एवं महासचिव विनोद मिर्ग ने कहा कि सिलाई का प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद महिलाएं स्वयं का व्यवसाय स्थापित कर सकती है, जिससे अन्य जरूरतमंद महिलाओं को भी रोजगार दिया जा सकता है। उन्होंने कहा कि जब महिलाएं सशक्त व आत्मनिर्भर होगी तो ना केवल उनके परिवारए बल्कि समाज व राष्ट्र की उन्नति में भी तेजी आती है।

## कनीना स्कूल बस हादसे के बाद लोहारू प्रशासन भी हुआ सख्त

- सभी स्कूल संचालक सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी के नियमों की पालना करें : एसडीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहारू

दो दिन पहले कनीना में हुए भीषण स्कूल हादसे के बाद लोहारू प्रशासन भी सख्त होता दिखाई देने लगा है। सोमवार को एसडीएम अमित कुमार ने लघु सचिवालय परिसर में निजी स्कूल संचालकों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। एसडीएम अमित कुमार ने सभी स्कूल संचालक सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी के नियमों की पालना करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि स्कूल संचालक अपने.अपने स्कूल के वाहनों में सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी के सभी नियमों की पालना करें। सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी के नियमों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। एसडीएम ने कहा कि बच्चों की सुरक्षा को लेकर स्कूली वाहनों के लिए सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी सरकार द्वारा बनाई गई है। इसके तहत बच्चों की सुरक्षा को लेकर स्कूली वाहनों में जरूरी उपकरण और अन्य व्यवस्थाएं होना जरूरी है। उन्होंने बताया कि स्कूलों की बस का रंग पीला होना चाहिए और उसमें नीले रंग की पट्टी में स्कूल का नाम लिखा होता है। बस के अंदर प्राथमिक उपचार बॉक्स और अग्निशमन यंत्र होना जरूरी है। बस के अंदर किसी भी प्रकार की गतिविधि की निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरा होना चाहिए। स्कूली वाहन की स्पीड पर कंट्रोल के लिए स्पीड गवर्नर लगा होना चाहिए। उन्होंने बताया स्कूल की बस के ड्राइवर का मेडिकल फिटनेस होना जरूरी है और ड्राइवर रखे जाने वाले के लिए 5 साल का अनुभव होना चाहिए। स्कूल की बस के विंडो पर होरिजेंटल ग्रिल हो ताकि कोई बच्चा किसी कारण बस खिड़की से बाहर नहीं गिर सके। स्कूल की बस पर ड्राइवर का नाम उसका फोन नंबर अंकित हो।

स्वीप अभियान के तहत आयोजित किया मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

## विद्यार्थियों ने लघु नाटिका से बताया वोट का महत्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त नरेश नरवाल के निर्देशानुसार स्वीप कार्यक्त्रम के तहत वैश्य महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने सोमवार को रेलवे स्टेशन पर लघु नाटिका का जोरदार मंचन किया।

नाटक के माध्यम से विद्यार्थियों ने वोट के महत्व पर प्रकाश डाला और नागरिकों से लोकसभा चुनाव में अपने मत का प्रयोग करने का आह्वान किया। कार्यक्रम का आयोजन मतदाता पंजीकरण कमेटी एवं मतदान जागरुकता प्रकोष्ठ द्वारा



भिवानी। आयोजित कार्यक्रम में वोट के बारे में जानकारी देते हुए।

प्राचार्य डॉ संजय गोयल के मार्गदर्शन एवं प्रकोष्ठ के नोडल अधिकारी डॉ. सतीश श्योराण के दिशा.निर्देश में किया गया। महाविद्यालय के छात्रों द्वारा नाटक में दर्शाया गया कि भारत के प्रत्येक नागरिक को मतदान का समान रूप से अधिकार दिया गया है। नागरिकों को अपने मत का प्रयोग अवश्य किया जाना चाहिए। नाटक में पुरुषों के मन में महिलाओं को मतदान के लिए ले जाने के प्रति उदासीनता को बेहतरीन तरीके से प्रस्तुत करते हुए उन्हें भी इस महापर्व में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया गया। नुक्कड़ नाटक के दौरान रेलवे स्टेशन अधीक्षक जीके गुप्ता ने कहा कि मतदान लोकतंत्र का सबसे बड़ा हथियार है। हम जब मतदान करेंगे तभी स्वस्थ लोकतंत्र का निर्माण होगा। रेलवे स्टेशन पर लोगों ने बड़े चाव सके नाटक का देखा और खूब सराहा। वहीं दूसरी ओर वैश्य महाविद्यालय में मनोविज्ञान विभाग द्वारा मतदाता जागरूकता पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मतदाता जागरूकता अभियान की ब्रांड अम्बेसडर अधिवक्ता प्रिया लेघा भी उपस्थित रही। पोस्टर मेकिंग में महाविद्यालय की कक्षा बीसीए तृतीय की खुशी जांगड़ा प्रथम, बीए प्रथम की पूनम द्वितीय और बीए द्वितीय की मोनिका ने तृतीय स्थान हासिल किया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. संजय गोयल ने कहा कि देश का नागरिक होने के नाते मतदान हमारा अधिकार है। इसलिए किसी प्रकार के प्रलोभन में न आकर स्वेच्छा से सोच विचार कर योग्य व्यक्ति के पक्ष में मतदान अवश्य करें।